**खबर संक्षेप**

## हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षाः 46 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**मण्डला।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत 13 फरवरी को कक्षा 12वीं के भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनिमल हस्बेण्डरी मिल्क ट्रेड, पोल्ट्री फार्मिंग एण्ड फिशरीज, विज्ञान के तत्व एवं भारतीय कला का इतिहास विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। उक्त विषयों में कुल 3792 परीक्षार्थियों में से 3746 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 46 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान नकल प्रकरणों की संख्या निरंक रही। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा 2026 में नकल की दुष्प्रवृत्ति को रोकने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त फ्लाइंग स्क्वॉड के अधिकारियों द्वारा जिले के समस्त परीक्षा केन्द्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी मंडला श्रीमती सोनल सिडाम द्वारा जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बोर्ड परीक्षाएं मण्डल के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान सहायक परियोजना समन्वयक श्री मुकेश पाण्डे एवं बोर्ड परीक्षा प्रभारी श्री महेन्द्र श्रीवास भी उपस्थित रहे।

## डिप्टी कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर श्री संस्कार बावरिया ने जिला चिकित्सालय मंडला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर मरीजों को प्रदान की जा रही चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा उपचार व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। डिप्टी कलेक्टर श्री बावरिया ने चिकित्सकों एवं स्टाफ से चर्चा कर दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई, भर्ती मरीजों की देखभाल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर उपचार एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं तथा किसी भी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

**मंडला मिलेट फूड फेस्टिवल में सजी स्थानीय उत्पादों की श्रृंखला**

# श्री अन्न के मिल रहे अनेकों उत्पाद

*** पुलिस ग्राउंड में 2 दिवसीय मेले का शुभारंभ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मोटे अनाज के उपयोग के लिए आमजन को प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित 2 दिवसीय मंडला मिलेट फूड फेस्टिवल का शुभारंभ शुक्रवार को नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम शनिवार 14 फरवरी तक चलेगा। फूड फेस्टिवल के दौरान पुलिस ग्राउंड को अत्यंत आकर्षक ढंग से सजाया गया। आकर्षक लाईटिंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने वातावरण को अद्भुत रूप दिया। नगरवासी बड़ी संख्या में फूड फेस्टिवल पहुंचे तथा स्थानीय व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि श्री अश्विनी झारिया, एसडीओ कृषि मधु अली सहित अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

मंडला मिलेट फूड फेस्टिवल में मिलेट्स पर आधारित स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए तथा स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। मैदान में 50 से अधिक स्टॉलों पर मिलेट्स से बने व्यंजन के साथ-साथ अन्य उत्पादों को भी रखा गया। शुभारंभ के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष श्री कछवाहा सहित अन्य अतिथियों ने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण करते हुए प्रतिभागियों से चर्चा की तथा व्यंजनों का लुत्फ उठाया।




### लगाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल

मेले में कोदो की खीर, चेंच की भाजी, कंगनी, कोदो तथा कुटकी की खीर, ज्वार की रोटी, सरसों की साग, रागी के डोसा तथा अन्य जनजातीय व्यंजन आकर्षण का केन्द्र रहे। फूड फेस्टिवल में नगरवासियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस फूड फेस्टिवल में महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण एवं शहरी आजीविका, स्व-सहायता समूह, कृषि विभाग, आत्मा, कार्ड, रदा किचन, उत्कृष्ट विद्यालय, नवोदय तंदूरी चाय, दुग्ध संघ सहित अन्य विभाग, विभिन्न संस्थाओं तथा नगर के ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए।

### कृषि विभाग ने किया श्री अन्न का प्रदर्शन

फूड फेस्टिवल में स्थानीय व्यंजनों के अलावा कृषि विभाग द्वारा श्री अन्न के मिलेट्स को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कोदो, कुटकी, रागी, सवा, चिया शीड, बाजरा, जौ तथा अन्य मोटे अनाज के द्वारा रंगोली तैयार की गई। साथ ही विभिन्न मिलेट्स के दानों को प्रदर्शित करते हुए पृथक-पृथक स्टॉल भी सजाए गए। विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से श्री अन्न उत्पादन को बढ़ावा देने एवं जैविक कृषि की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया गया।

# थाना निवास के उप निरीक्षक का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन



*** 4 पदक किए अपने नाम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला मंडला के थाना निवास में पदस्थ उप निरीक्षक हिमांशु चौहान ने राज्य स्तरीय स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयनित होकर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2025-26 एवं अखिल भारतीय पुलिस स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2025-26 के चयन के लिए आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 15वीं बटालियन इंदौर द्वारा बीएसएफ की रेवती रेंज में किया गया। इस प्रतियोगिता में उप निरीक्षक श्री हिमांशु चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 4 पदक अर्जित किए और प्रदेश टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने 300 मीटर थ्री पोजिशन शूटिंग, 50 मीटर, 22 राइफल फायर तथा 50 मीटर ग्लॉक पिस्टल फायर इवेंट्स में भाग लिया। उत्कृष्ट निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 3 रजत पदक एवं 1 कांस्य पदक अपने नाम किए। अब वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं, एआईपीडीएफ हरियाणा के कदरपुर तथा एआईपीएससी इंदौर में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देशभर के सभी राज्यों की पुलिस टीमों एवं पैरामिलिट्री फोर्स की टीमें सहभागिता करेंगी। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने उप निरीक्षक हिमांशु चौहान को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।



# टंकी से रिस रहा बहुउपयोगी पानी, गलियों में मच रहा कीचड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/बिनैका

एक ओर तो गांव-गांव बड़े-बड़े नारे लिखाये जाते हैं जिनमें जल ही जीवन है, जल को व्यर्थ न बहायें, नलों में टूटी लगायें, जल को सहेजकर रखें जैसे संदेश शामिल होते हैं लेकिन जिनके माध्यम से इन नारों को लिखवाया जाता है क्या वे स्वयं भी इन नारों में लिखे संदेशों को गंभीरता से लेते हैं ? यदि गंभीरता से वे इन्हें समझ पाते तो शायद इस तरह से यह बहुमूल्य जल व्यर्थ ही बहकर नाली में न समा रहा होता, लोगों के घरों में न घुस रहा होता, गलियों में कीचड़ न मचा रहा होता। यह अनदेखी कहीं और नहीं बल्कि मण्डला मुख्यालय की समीपी ग्राम पंचायत बिनैका में की जा रही है जबकि इस पंचायत के बारे में बताया जाता है कि यहां ज्यादातर पढ़े-लिखे लोग निवास करते हैं यहां सामान्य वर्ग के लोगों की बसाहट भी बहुतायत में है उसके बावजूद यदि जल की ऐसी दुर्गति हो रही है तो फिर इसे क्या समझा जाये।



बिनैका ग्राम पंचायत के वार्ड नम्बर 16 में जो पानी टंकी स्थापित है उससे रोजाना इतना पानी बह रहा है कि पूरी सड़क में पानी ही पानी नजर आता है यह पानी नाली से होता हुआ वार्डवासियों के घरों में ही प्रवेश कर रहा है इस गंदे पानी से स्थानीय लोग परेशान हैं और कई मर्तबा ग्राम पंचायत जाकर इसकी शिकायत की लेकिन किसी तरह का कोई सुधार कार्य नहीं किया गया।

बिनैका ग्राम में इस तरह से हजारों गैलन पानी बर्बाद हो रहा है जबकि बहुत से ग्रामों में पानी के लिये लोग परेशान हैं। पंचायत द्वारा इस तरह की जा रही अनदेखी निश्चित रूप से पंचायत के अधिकारियों को भी नजर आ रही होगी उसके बावजूद कोई कार्यवाही न होना समझ से परे है। अब यदि यही गंदा पानी नल-जल योजना के पाईप में यदि समाता है और नल-जल योजना के माध्यम से लोगों के घरों तक पहुंचता है और फिर इस संक्रमित पानी के उपयोग से किसी तरह की बीमारी फैलती है तो फिर इसका जिम्मेदार कौन होगा शायद जनप्रतिनिधि इसी का इंतजार कर रहे हैं।

# दुकान को किया गया सील




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशों के परिपालन में जिला प्रशासन द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार बस स्टैंड मंडला स्थित यात्री प्रतीक्षालय के समीप कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका परिषद द्वारा आवंटित एक दुकान जो शाकाहारी भोजनालय के नाम से संचालित थी, के भीतर शटर बंद कर अवैध रूप से मांसाहारी भोजन और बिरयानी पकाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना की पुष्टि होने पर नायब तहसीलदार श्री राम सिंह उलाड़ी के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस बल और नगरपालिका की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। दुकान शाकाहारी भोजनालय के लिए आवंटित थी, किंतु इसके भीतर गुप्त रूप से मांसाहारी व्यंजन तैयार किए जा रहे थे। नायब तहसीलदार राम सिंह उलाड़ी के साथ राजस्व विभाग, नगरपालिका परिषद की टीम और पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर जांच की। शटर बंद कर संचालित हो रही इस अवैध गतिविधि के पाए जाने पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से दुकान को सील करने की कार्रवाई की गई।

**प्रतियोगिता** | **विधायक कप आल इंडिया वॉलीबाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन।**

# श्री गांधी मेले में वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन





*** क्षेत्र की लगभग 30 टीमों ने भाग लेकर किया प्रदर्शन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

ऐतिहासिक गाँधी मेला के शुभ अवसर पर नगर में, 10, 11, 12, फरवरी को विधायक कप आल इंडिया एवं छेत्रीय ग्रामीण बालीवाल क्रीड़ा प्रतियोगिता बीआरसी ग्राउंड में अधिकारी कर्मचारी एवं व्यापारी गणो के सहयोग ओर मार्गदर्शन में आयोजित हुई। नगर की यह बालीवाल प्रतियोगिता एक लंबे समय से वर्ष 1982 से प्रतिवर्ष आयोजित हो रही है जो आज भी अनवरत जारी है इस प्रतियोगिता में देश के अनेक जिलों से प्रतियोगी आते हैं जिनमें राष्ट्रीय ओर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेते वही प्रतिदिन आस पास के ग्रामों से हजारों दर्शक प्रतियोगिता का आनंद लेते हैं।

इस वर्ष प्रतियोगिता में लगभग क्षेत्रीय 30 टीमों ने भाग लेकर अपना प्रदर्शन किया जिसमे बबलू स्पोर्ट्स विजेता एवं नैगवा टीम उपविजेता का ख़िताब जीता .इसी प्रकार आल इंडिया प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया जिसमे wcr जबलपुर, ऑरेंज सिटी नागपुर, झाँसी, आंध्र प्रदेश, रायगढ़ जिंदल छत्तीसगढ़ तथा रेलवे बिलासपुर की टीम रहीं। रेलवे बिलासपुर विजेता एवं जिंदल रायगढ़ ने उपविजेता का खिताब जीता। समस्त प्रतियोगितायें रोमांच कारी रही। विजय टीम में विजता को 31 हजार नगद और ट्रॉफी उप विजेता टीम को 21 हजार नगद और ट्रॉफी प्रदान की गई, इसी तरह क्षेत्रीय दलों को भी पुरस्कृत किया गया, मैदान में लगभग दस हजार दर्शको ने मैच का भरपूर आनंद लिया इस अवसर पर क्षेत्र के.विधायक नारायण सिंह पट्टा ने समस्त प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन कर उज्जवल भविस्य की कामना की। वहीं प्रतियोगिता को सफल बनाने में इस कार्यक्रम के अध्यक्ष बी एल उइके, उपाध्यक्ष अतुल साहू कोशा अध्यक्ष संभु मरकाम, सचिव कमल किशोर आर्मो क्रीड़ा प्रभारी गोवर्धन धुर्वे, मैदान प्रभारी बलवीर मरावी, हरेशिंग वल्के भोजन प्रभारी शिवा मरकाम शिवनाथ पंन्द्रे अमरित धुर्वे मनोज धुर्वे, मिलाप धुर्वे, गुलाब उइके पुष्पेंद्र कुलस्ते दिनेश पन्द्रे, मोहित, मुकेश, हेमंत, महासिंघ धुर्वे, मयंक, अमर लाल, संदीप पुसम, दानिश खान, किशोर विश्वकर्मा आदि का सहयोग रहा। राष्ट्रीय स्तर के एम्पायर उपदेश तोमर एवं जीपी वैद्य जबलपुर से रहे। राज्य स्तर के एम्पायर जमादार धुर्वे, सतीश ताराम, रुपेश गेडाम, मंगल पन्द्रे जिला खेल अधिकारी मंडला आदि रहे, उद्घोषक में प्रहलाद साहू, राकेश कांत, रमेश सैयाम स्कोरिंग में चनद्रिका उपाध्याय आदि ने सहयोग प्रदान किया। वही कार्यक्रम में अजय पूरी गोस्वामी, प्रदीप गोस्वामी, अशोक नानकनी, एसडीएम पन्ना जिला आलोक मार्को एसडीओ फारेस्ट जिला पन्ना कृष्णा मरावी थाना प्रभारी टी आई शैयाम विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## मंत्री विजय शाह के समर्थन में छात्रों ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह के सेना को लेकर दिए गए बयान को लेकर अनुसूचित जाति जनजाति छात्र संघ मंडला ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान छात्र संघ के जिला अध्यक्ष गगन चौधरी ने आरोप लगाए कि मंत्री शाह से एक भाषाई भूल हुई थी जिसपर उन्होंने चार चार दफा माफी मांगी है इसके बावजूद उनपर समाज में विद्वेष फैलाने का आरोप लगाया जा रहा है और निरंतर मीडिया ट्रायल के माध्यम से ट्रोल किया जा रहा है जो गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले भी कई बड़े बड़े नेताओं ने इस तरीके के बयान दिए हैं लेकिन इस तरह न तो किसी ने माफी मांगी और न ही इस तरह किसी को ट्रोल किया गया। इनके साथ इस तरह का व्यवहार किया जाना कहीं न कहीं उनके आदिवासी वर्ग से आने के कारण हो रहा है। जो कि निंदनीय है शाह प्रदेश के वरिष्ठ आदिवासी नेता हैं और आदिवासी वर्ग के लिए जो कार्य उन्होंने किए हैं यही कारण है कि उनको हटाने का किसी प्रकार प्रयत्न किया जा रहा है और इसके साथ ही दलित आदिवासी नेतृत्व को कमजोर करने का कुंठित प्रयास है। संघ ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया से मांग की कि उनकी माफी को स्वीकार करते हुए इस विषय को समाप्त किया जाए। इस दौरान छात्र संघ के जिला अध्यक्ष गगन चौधरी, जिला सचिव दीपेश वरकड़े, एडवोकेट शुभम चौधरी, छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोने लाल उर्रैति, उपाध्यक्ष महेश अहिरवार, शुभम अहिरवार, भूपेंद्र मरावी, सुजल सिंगारे, दीपशिखा जाटव, अनुराधा दांगी, राज मरावी, निहाल साहू, नैन झरिया, अनामिका वर्मा, त्रिवेणी अहिरवार, निकिता खारोल, विनय झरिया, नहीं बैगा, सरिता मरकाम, शालिनी झरिया, विद्या पटेल ज्योति पाल सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



**कार्यालय प्राचार्य, रानी दुर्गावती शास. स्नातको. महाविद्यालय, मण्डला (म.प्र.)**

// निविदा प्रकाशन //

योजना क्र. 5765 अंतर्गत सत्र 2025-26 में प्रायोगशाला उपकरण क्रय किया जाना है। जिसकी खुली निविदा क्र. 2026_HED_ 482239_1, दिनाँक 13/02/2029 MP E-Tender Portal पर प्रकाशित की गयी है। विस्तृत विवरण वेबसाइट http:// mptender.gov.in पर देखा व भरा जा सकता है। निविदा की अंतिम तिथि 26/02/2026 है। समय 17:30 बजे तक ऑन लाईन जमा किये जा सकते हैं।

प्राचार्य, रानी दुर्गावती शास. स्नातको. महाविद्यालय मण्डला, (म.प्र.)

# आखिरकार एनटीपीसी के माध्यम से नगर को प्राप्त होने वाली सीटी स्कैन मशीन सौगात कहां हो गई गायब..

विपत्ति निकल जाने के बाद सब कुछ भूल जाने की आदत ही पड़ती है भारी....?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

जिस तरह जब कोई विपत्ति सामने आकर खड़ी हो जाती है तो लोगों को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में हो या फिर अन्य कोई दूसरी कमी दिखाई देने लगती है और परेशानी से लड़ने के लिये तुरंत व्यवस्थाये करते हुये देखा जाता है जो निश्चित तौर से उस कहावत को चरितार्थ करते हुये जान पड़ता है की अब आग लगने के बाद कुंआ खोदने का क्या मतलब..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई हमारे क्षेत्र में भी दिखाई देना आम बात बन चुकी है। ज्ञात हो कि नगर के शासकीय चिकित्सालय में सीटी स्कैन मशीन की स्थापना हेतु एनटीपीसी पावर प्लांट के माध्यम से कुछ साल पहले 10 लाख रूपया की राशि जमा की गई थी। इस जमा की गई राशि पर क्षेत्रवासियों ने जब गौर करना शुरू किया गया था तब कोरोना महामारी की दूसरी लहर पूर्ण शबाब पर रहते हुये आमजन की जिन्दगी को धीरे धीरे निकलते चली जा रही थी और उस समय नगर के शासकीय चिकित्सालय में बडे ही जोरों से सीटी स्कैन मशीन स्थापित करने का मुद्दा उठाया जा रहा था जिसके चलते पता चला था कि एनटीपीसी द्वारा नगर के शासकीय चिकित्सालय में एक सीटी स्कैलन मशीन के लिये घोषणा की गई थी तो बीते हुये अप्रेल 2021 में यह बात सामने उभर कर आई हुई थी कि नगर के शासकीय चिकित्सालय में सीटी स्कैन मशीन की स्थापना हेतु 10 लाख रूपया की राशि जमा की गई है। इस संबंध में जब 16 अप्रैल 2021 में नगर शासकीय चिकित्सालय के तत्कालीन प्रभारी डा राकेश बोहरे से चर्चा की गई तो उनके द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया था कि जैसे ही राशि प्राप्त होती है टेंडर प्रकिया शुरू कर दी जायेगी, एक से दो महीने में मशीन स्थापित हो जाती है अभी चल रहे कोरोना काल व मौसमी बीमारियों के चलते उसकी ज्यादा डिमाड है। चिकित्सालय प्रबंधन को जैसी ही राशि प्राप्त होगी तो मशीन लगवा दी जावेगी। वही दूसरी ओर 16 अप्रैल 2021 में जब एनटीपीसी के तत्कालीन जन संपर्क अधिकारी निखिल स्वामी से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि जिला प्रशासन के अनुरोध पर सीटी स्कैन मशीन के लिये एनटीपीसी द्वारा बीते हुये फरवरी माह यानि की 2021 में 10 लाख 50 हजार रूपया की राशि जिला प्रशासन के पास जमा कर दी गई है जो मशीन की कुल कीमत से 25 प्रतिशत होती है। बाकी राशि जैसे ही मशीन का आर्डर करेगे प्रदान की दी जायेगी। वही दूसरी ओर उस समय इस सच्चाई को लेकर जहां नगर के शासकीय चिकित्सालय








हरिभूमि
जबलपुर - नर्मदा भूमि
26 Apr 2021
गाडरवारा
एनटीपीसी द्वारा प्रदान की जाने वाली सीटी स्कैन मशीन मामले को लेकर प्रभारी कलेक्टर ने दिखाई गंभीरता

प्रभारी का कहना था कि राशि प्रदान करते ही टेन्डर की प्रक्रिया शुरू कर दी जावेगी तो दूसरी ओर एनटीपीसी जन संपर्क अधिकारी का कहना था कि हमारे द्वारा जिला प्रशासन के अनुरोध पर सीटी स्कैन के लिये पैसा जमा कर दिये गये है? उस समय सबाल यह पैदा हो रहा है कि निश्चित ही एनटीपीसी द्वारा राशि को जिला प्रशासन के पास जमा किये हुये महिनों का समय बीत चुका था। मगर किसी भी प्रकार की कोई प्रक्रिया शुरू न होना निश्चित ही जिला प्रशासन की उदासीनता का प्रमाण उजागर होने से नही चूक पा रहा था..? इस सच्चाई को जब माह अप्रेल 2021 में मीडिया द्वारा लगातार उजागर किया गया था तो इस मामले को उस समय तत्कालीन कलेक्टर भरत सिंह यादव द्वारा गंभीरता से लेते हुये उस राशि को शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा रोगी कल्याण समिति में जमा करने की बात कही गई थी? वही उस दौरान तत्कालीन जिला कलेक्टर भरत सिंह यादव ने 25 अप्रैल 2021 अपनी चर्चा में बताया गया था कि एनटीपीसी द्वारा जो राशि जमा की गई थी उसे शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा की रोगी कलयाण समिति के खाते में उस राशि को 23 अप्रैल 2021 को जमा कर दिया गया है। इससे सी.टी. स्कैन मशीन के आर्डर के लिये आगे की प्रक्रिया की जा सकेगी। इसके उपरांत जब पुनः 25 अप्रैल 2021 को नगर के चिकित्सालय के तत्कालीन प्रभारी डा. राकेश बोहरे से चर्चा की गई थी तो उनका कहना था कि जिला प्रशासन द्वारा राशि जमा किये जाने की जानकारी मिली है। मगर अब सबसे बड़ी समस्या मशीन को प्राप्त करने की है। क्योंकि जब फरवरी माह में एनटीपीसी द्वारा जिला प्रशासन के खाते में राशि जमा की गई थी उस समय सप्लायर से बात हुई थी तो वह मशीन देने के लिये तैयार था तथा उस दौरान समाजसेवी शैलेन्द्र जैन ने भी पूरा भरोसा दिलाया गया था कि यदि तत्काल राशि की जरूरत पडेगी तो वह सहयोग करेगे। मगर वर्तमान समय में जो स्थिति बनी हुई है उसमें मशीन का सप्लाई होना कठिन जान पड़ रहा है। शासन व बडे स्तर पर यदि प्रयास किये जावे तो निश्चित ही सी.टी. स्कैन मशीन शीघ्र ही मिलने की उम्मीद की जा सकती है। इस संबंध में उस समय क्षेत्र की तत्कालीन विधायक श्रीमति सुनीता पटैल का कहना था कि उनके द्वारा भी इस सी.टी. स्कैन मशीन को गाडरवारा चिकित्सालय में स्थापित कराने के लिये अपने स्तर पर लगातार प्रयास किये जा रहे है। जिसके चलते राज्यसभा सासंद विवेक तन्खा से बात करते हुये आग्रह किया गया है कि वह किसी भी तरह कही से सी.टी. स्कैन मशीन गाडरवारा शासकीय चिकित्सालय के लिये उपलब्ध कराये जिससे इस कोरोना महामारी के दौरान मरीजों को लाभ मिल सके। वही दूसरी ओर देश व प्रदेश की सत्ताधारी सहित अन्य राजनैतिक पार्टियों के नेताओं सहित समाजसेवियों द्वारा उपरोक्त मुद्दे को अप्रेल मई माह यानि की वर्ष 2021 के दौरान उस समय प्रमुखता से उठाया जा रहा था। जब कोरोना महामारी की दूसरी लहर घातक बन चुकी थी, जिससे अनुमान लग रहा था कि शायद अब शीघ्र ही नगर के शासकीय चिकित्सालय के लिये यह सीटी स्कैन मशीन की सौगात मिल जावेगी..? मगर जैसे जैसे कोरोना की दूसरी लहर शांत होती गई और सीटी स्कैन मशीन स्थापित करने का मुद्दा भी शांत हो गया और गौर किया जावे तो इस बात को आज लगभग चार पांच साल का समय बीत चुका है। मगर आज तक न तो नगर के शासकीय चिकित्सालय में सीटी स्कैन मशीन स्थापित हो पाई है और न ही अब नेताओं के मुंह से सीटी स्कैन मशीन की स्थापना को लेकर कोई चर्चा सुनी जा रही है..? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो अप्रैल 2021 में जिस तरह एनटीपीसी के जन संपर्क अधिकारी द्वारा बताया गया था कि सीटी स्कैन मशीन को लेकर उनके द्वारा जिला प्रशासन पास 10 लाख 50 हजार की राशि जमा कर दी गई जिसके चलते उस जमा की गई राशि की पुष्टि तत्कालीन कलेक्टर भरत यादव द्वारा भी किये जाने के बाद पता नही वह राशि कहा गायब हो गई या फिर किसी अन्य दूसरी कार्य में खर्च हो चुकी है, यह बात शायद ही किसी की जानकारी में हो..? क्योंकि पांच साल पहले कोरोना काल के समय जब सीटी स्कैन मशीन की स्थापना को लेकर प्रयास किये जा रहे थें उस समय मिल नही पा रही थी। मगर जब स्थापना कराने के लिये काफी समय मिला तो उस मुद्दे को भुला दिया गया जिसकी शायद नगर ही नही बल्कि क्षेत्रवासियों के लिये सबसे अधिक जरूरत महसूस की जाती है और आज भी जरूरत पड़ने पर लोग सीटी स्कैन के लिये नरसिंहपुर या फिर अन्य बडे महानगरों के लिये भटकने मजबूर होते हुये देखे जाते है? यदि जिम्मेदारों द्वारा समय रहते हुये निष्ठा के साथ प्रयास किये गये होते तो बीते हुये बीते हुये पांच साल से अधिक के लम्बे अंतराल के दौरान नगर के शासकीय चिकित्सालय में सीटी स्कैन मशीन की स्थापना हो चुकी होती..? इस तरह एनटीपीसी द्वारा मिलने वाली एक बडी सौगात को पूर्णरूप से भुला दिया गया है जो चर्चा का विषय ही नही बल्कि क्षेत्र के जिम्मेदारों की उदासीनता का प्रमाण उजागर करने से नही चूक रहा है...? यह बात अलग है कि नगर के शासकीय चिकित्सालय को विकास के नाम पर लाखों रूपया की राशि खर्च करते हुये नई नबेली दुल्हन की तरह सजा तो दिया गया है। मगर आज भी मरीजों को जरूरी सुविधाओं के आभाव के चलते परेशान होते हुये देखा जाना आम बात है।

## खबर संक्षेप

### नियम विपरित वाहनों में लगे हुये लाईट की अनदेखी बन रही सड़क दुर्घनाओं का कारण...?



**हरिभूमि न्यूज/ सिहोरा/ बोहानी।।** क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाली वाहनों की मनमानी पर अंकुश लगाने में प्रशासन की असफलता का परिणाम है कि वाहन चालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू दिखाई देने से नही चूक रहे है क्योंकि सड़को पर दौड़ने वाले कई वाहनो की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि वह निर्धारित नियमों के विरूद्व संचालित होने के साथ साथ यह खस्ताहाल वाहन जहां पर्यावरण को बिगाड़ रहे है। वही ये दुर्घटानाओ के कारण भी बनने से भी नही चूक रहे है..? क्योंकि जिस प्रकार से वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों में नियम विरूद्व लाईट लगाये हुये है उसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होने का प्रमुख कारण सामने आने से नही चूक पाता है, जहां अनेक चार पहिया वाहन इस प्रकार से होते है जिनका मात्र एक ही हेड लाईट चलते हुये देखा जाता है जिसके चलते इस प्रकार के वाहन को अधिकांश समय लोग दो पहिया वाहन समझते हुये अपनी मोटर साईकिल को काटता है तो वह दुर्घटना का शिकार होने से नही चूकता है? वही दूसरी ओर अनेक वाहनों में निर्धारित माप दंडों के अतिरिक्त तेज रोशन वाली लाईट लगे होते है जो सामने से आने वाली वाहन चालक को रास्ता दिखना ही बंद हो जाता है, उसके कारण वह दुर्घटना का शिकार होने से नही बच पाता है? इस प्रकार की सच्चाई सबसे अधिक सड़को पर दौड़ रहे आटों में देखने मिल रहा है, क्योंकि आटों चालकों द्वारा अपने आटों में मनमाफिक रूप से आटों के ऊपर व अन्य जगहों पर जो अतिरिक्त लाईट लगाये हुये है वह छोटे वाहन चालकों के खिलाफ खतरा का कारण बनने से नही चूक रहे है? इस प्रकार की सच्चाई के चलते क्षेत्र के लोगों द्वारा शासन प्रशासन से अपेक्षा जताते हुये आटों व चार पहिया वाहनों में जिस प्रकार निर्धारित नियमों को दर किनार करते हुये अतिरिक्त लाईट लगाये गये है उनकी जांच के लिये एक मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जावे जिससे आये दिन घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।

### पुरानी बुराई को लेकर की मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम आमगांव छोटा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि पडौस में रहने वालो मुकेश जाटव आया और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा अपने पास में रखे हुये तेज धारदार हथियार से मारपीट करते हुये पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## गुरुकुलम माईल स्टोन स्कूल में आर्ट एवं क्राप्ट प्रदर्शनी का हुआ आयोजन, नवाचार से बच्चों को नयी दिशा व बौद्धिक क्षमता का होता है संचार- अनुज प्रताप





**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** नगर के गुरुकुलम हायर सेकेंडरी एंड माइलस्टोन CBSE इंटरनेशनल स्कूल में बीते हुये दिवस आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन अनुज प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस मौके पर अन्य अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक श्रीमति साधना स्थापक राजीव राय, जितेंद्र राय, सुरेश मामुलिया, अमरीश राय मौजूद रहे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह के सुपुत्र राव अनुज प्रताप सिंह ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों की उमंग व वोद्धिक क्षमता को बढ़ती है। इस प्रकार के आयोजन बडे शहरों में देंखै गये लेकिन यह आयोजन सालीचौका में संपन्न होना निष्चित ही सराहनीय है। इस दौरान उन्होंने स्कूल प्रबंधन और अध्यक्ष गजराज सिंह रोहेला परिवार की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दीं। इसी प्रकार से पूर्व विधायक श्री मति साधना स्थापक ने भी अपने संबोधन में बच्चों की कलाकृतियों की सराहना करते हुए बच्चों की प्रतिभाओं को बढ़ावा देने का सफल व प्रशांगिक कदम बताते हुए संचालक कवींद्र सिंह पंकज रोहेला नीरज रोहेला सहित समस्त स्कूल



प्रबंधन को इस नवाचार की प्रशंसा की गई। इस आयोजन में विद्यार्थिओं ने स्यंम के हाथो विभिन्न विषयो पर आधारित अपनी चित्र कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया 1 स्कूल में आयोजित प्रदर्शनी में विज्ञान, कला और शिल्प का प्रदर्शन किया गया, जिसे देखकर उपस्थित अतिथिओ एवं पालक और अन्य नागरिकों ने काफ़ी प्रशंसा व्यक्त की और लगभग सभी ने अपनी अपनी पंसदीदा कला कृतियों को खरीद लिया। वही बताया जाता है कि बच्चों द्वारा तैयार की गई सभी लोगो में इन अद्भुत कलाकृतियों को देखकर खरीदने के लिए होड़ भी मची रही। प्रदर्शनी में ग्लास पेंटिंग, कैनवास प्रदर्शित, वैक्स, POP आदि से विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से कलाकृतियों को अद्धभुत रूप प्रदान किया गया था। क्षेत्र के नागरिकों, अतिथिओ एवं गाडरवारा के स्कूलों से पधारे संचालको आदि ने इस प्रकार के नवाचार को बेहद सराहा एवं स्कूल के विद्यार्थिओं की प्रतिभा को देखा गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से जयप्रकाश वर्मा, रामदयाल पटेल, वीरेंद्र चौकसे, अवधेश चौकसे , पराग तिवारी, रत्नेश चौबे, नरेश चौकसे, गोलू चौकसे, वीरेन्द्र खत्री, अक्षय सकवार, बीईओ श्रीमती सीमा मेडम, बी आर सी अधिकारी संदीप स्थापक, प्राचार्य मधुकांत (NPS गाडरवारा), संस्थापक प्रशांत राजपूत ( DPIS गाडरवारा) प्रदीप कौरव ( रेवा श्री बुक्स गाडरवारा) मनीष गुप्ता, अनुपम राय, पवन शुक्ला, गोलू गुप्ता, उमेश पाली, वीरेश राय, आनंद गुप्ता, मुकेश चौकसे सहित अन्य क्षेत्रीय नागरिक व अभिभावक मौजूद रहे।

## मंत्री सिंह की मौजूदगी में ग्राम पिपरियाकला में आयोजित विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह समीपस्थ ग्राम पिपरियाकला में शहीद आशीष शर्मा की स्मृति में पंचवटी सीताराम क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी से 13 फरवरी तक किया गया, जिसमें क्षेत्र सहित अन्य जिलों की टीमों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। समापन कार्यक्रम में मंत्री सिंह ने विजेता टीमों को पुरस्कृत करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर समीपस्थ रायसेन जिले के ग्राम रिछावर की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 51 हजार रुपये की पुरस्कार राशि व ट्राफी प्रदान की गई। जबकि राजपूत क्रिकेट क्लब बम्होरी- नरसिंहपुर को उप विजेता रहने पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 25 हजार रुपये की राशि देकर व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लेकर खेल भावना और अनुशासन परिचय दिया और खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वही समापन कार्यक्र को संबोधित करते हुये प्रदेश के शिक्षा व परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करती हैं। खेलों से न केवल शारीरिक क्षमता का विकास होता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल भी विकसित होते हैं। इस दौरान उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास एवं उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता धर्मपाल सिंह, मोहरकांत सिंह पटैल, अशोक भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

## सांवरी में टेनिस बॉल क्रिकेट का रोमांचकारी स्थिति में हुआ फाइनल, बालिकाओं ने खेल का किया शानदार प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** नगर के वार्ड नं 13 सांवरी खेल मैदान में चल रही टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का गत दिवस शानदार फाइनल मुकाबला संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राव अनुज प्रताप एवं युवा नेता मनीष राय के आलवा भाजपा नेता जितेन्द्र राय की मौजूदगी रही। वही फाइनल मुकाबले से पहले शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के अथक प्रयासों से तैयार की गई बालिका टीम रानी अवंतीबाई क्रिकेट क्लब एवं रानी लक्ष्मीबाई क्रिकेट क्लब के बीच भी एक रोमांचक मैच खेला गया।टॉस जीतकर रानी अवंतीबाई की कप्तान छात्रा कुमारी वंशिका पटैल ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। वंशिका ने अपनी सधी हुई गेंदबाजी से पहले ही ओवर में दो विकेट झटककर विरोधी टीम पर दबाव बना दिया था। इस तरह निर्धारित 8 ओवर में रानी लक्ष्मीबाई टीम 70 रन पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रानी अवंतीबाई टीम की ओपनर हर्षिता वर्मा और महक वर्मा ने तेज शुरुआत करते हुए मात्र 6 ओवर में टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचा दिया। महक के चोटिल होने के बाद कप्तान वंशिका पटैल ने मोर्चा संभाला और मैदान के चारों ओर शानदार चौके जड़ते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। उपकप्तान स्नेहा वर्मा के साथ मिलकर वंशिका ने टीम को शानदार जीत दिलाई।विजय के बाद युवा नेता मनीष राय छोटू भैय्या एवं समिति सदस्यों द्वारा दोनों टीमों को शील्ड प्रदान करते हुये पुरूस्कृत किया गया। इस प्रकार से प्रथम विजेता रानी अवंतीबाई टीम की कप्तान वंशिका पटैल एवं उपकप्तान स्नेहा वर्मा को प्रथम पुरस्कार दिया गया। वहीं उपविजेता रानी लक्ष्मीबाई टीम की कप्तान नेहा वर्मा को उपविजेता कप से सम्मानित किया गया। इस आयोजन में टीम कोच एम.के. वर्मा, आर.के. अहिरवार एवं अभिषेक राजपूत ने बालिकाओं के साथ दिन-रात मेहनत कर उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराईं और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया। सालीचौका क्षेत्र में पहली बार छात्राओं को क्रिकेट के लिए प्रेरित कर उन्हें मंच प्रदान किया गया, जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

## नगर की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था सुधारने में असफल हो रहा प्रशासन, महानगरों की तरह दिखाई पड़ रहे जाम के नजारे

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शहर की आबादी बढ़ने,आपाधापी भरे समय में स्वाभाविक तौर से वाहनो, आटो की संख्या में ईजाफा होने, स्कूलो बसो, ट्रको की भरमार होने, अतिक्रमण की गहराती समस्या के कारण नगर की प्रमुख सड़कें बेजा यातायात का दबाव सहने की स्थिति में दम तोड़ती जा रही है और वही नवनिर्मित सड़कों के भी जर्जर होने की शुरूआत हो गयी है। जिन पर सुबह से अनियंत्रित गति से चल रहे वाहनों से जहां पैदल स्कूलो में जाने वाले बच्चो, राहगीरो, शासकीय कर्मचारियो का सड़कों को पार करना मुश्किल हो रहा है। वही सड़कों के किनारों पर बेतरतीव वाहनों के खड़े रहने से नगर के राठी तिराहे, पलोटन गंज चौराहे, झंडाचौक पर रोज जाम लगने के हालात बन रहे है? इन स्थानों के सकरे पन की वजह से कभी कभार वाहनों का रेला इतना अधिक लग जाता है कि यातायात अराजक हो जाता है और लोगो का परेशानी उठाने मजबूर होना पड़ता है। वही दूसरी ओर नगर की सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशी भी यातयाता व्यवस्था को पूर्ण रूप से तहस नहस करे हुए है। जिनको हटाने के लिए बीते हुये समय में पूर्व नपा द्वारा हाकां गैंग की शुरूआत की गई थी मगर पता वह अचानक कहा गायब हो चुकी है? वही चल रहे किसानों के कृषि कार्यो के सीजन में जब बाजार गुलजार रहता है तब कई जगह जाम लगने की नौबत आने से आमजनो का सड़को पर चलना दूभर होने के साथ साथ शहर का महौल बड़े महानगरों के समान दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? बताया जाता है कि शहर में अक्सर दिखायी देने वाले जाम के मंजर बाजार में दुकानदारो द्वारा सड़कों के आधे हिस्से पर



सामान फैलाने तथा लोगों में अतिक्रमण करने की बढ़ रही प्रवृत्ति की देन है। विदित हो कि बरसो से पुलिस को मिल रही नगर की यातायात व्यवस्था सुचारू रखने की चुनौती को स्वीकार करने में स्थानीय पुलिस नाकाम साबित होते हुये जान पड़ रही है? शहर के थाने में अलग से पर्याप्त यातायात पुलिस कर्मी न रहने से कई महत्वपूर्ण स्थानो पर यातायात पुलिस कर्मी तैनात नही हो पा रहे है, जिससे अनियंत्रित गति से वाहन चलाने वाले मनचाहे ढंग से सड़कों पर वाहन दौड़ा दुर्घटनाओं को निमंत्रण देकर यातायात व्यवस्था को बिगाड़ रहे है। वही शहर वासियों का कहना है कि बदलते समय में शहर के सौन्दर्यीकरण के साथ नगर के युवाओं, नागरिको की चाहत है कि नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार करने शासन प्रशासन हरकत में आएॅ, जिला पुलिस अधीक्षक नगर के थाने में अपेक्षित यातायात पुलिस कर्मियो की तैनाती कराये ताकि शहर के प्रमुख स्थानो पर जाम लगने की समस्या खत्म हो सके।

### चार पहिया वाहन की टक्कर से पहुंची चोट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम मरका निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने भतीजी की मोटर साईकिल पर बैठकर कही जा रहा था उसी दौरान कौडिया रोड पर सामने से तेज गति से भागते हुये आ रही एक चार पहिया गाड़ी क्रमांक MP50-C-2660 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपनी गाड़ी को चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते प्रार्थी की भतीजी व उसको चोटे आने के चलते पुलिस ने आरोपी चार पहिया वाहन चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### भाई ने भाई के साथ की गई मारपीट

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कान्हरगांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह कही बाजर जाने के लिये रेल्वे स्टेशन गया था। उसी दौरान परिवार के सदस्य द्वारा प्रार्थी को फोन पर सूचना दी गई कि उसका बड़ा भाई अमीर कहार शराब के नशे में आकर घरेलू बातो को लेकर मारपीट कर रहा है और पेट्रोल डालकर घर के कपडो सहित अन्य सामग्री में आग लगा दिया है। सूचना मिलने पर जब प्रार्थी अपने घर पहुंचकर भाई को समझाने लगा तो इसी बात को लेकर उसने प्रार्थी के साथ भी गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

## खबर संक्षेप

### हायर सेकेण्डरी की भौतिक विज्ञान एवं अर्थशास्त्र की परीक्षा संपन्न

**उमरिया।** हायर सेकेण्डरी की परीक्षा में 13 फरवरी को भौतिक विज्ञान, हस्बैंड्री ट्रेड मिल्क पोल्ट्री फार्मिंग एंड फिशरीज , विज्ञान के तत्व विषय की परीक्षा 41 परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न हुई। जिले में हायर सेकेण्डरी भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनीमल हस्बैण्डरी मिल्क ट्रेड पोल्ट्री फार्मिंग एंड फिशरीज, विज्ञान के तत्व विषय की परीक्षा में कुल दर्ज 4763 विद्यार्थियों में से 4700 विद्यार्थियो ने परीक्षा दी वहीं 63 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. धमोखर, शा.उ.मा.वि. ताला. शा.उ.मा.वि. उत्कृष्ट मानपुर, शा.उ.मा.वि. बिजौरी, अशा. सरस्वती उ.मा.वि. मानपुर एवं शा.उ.मा.वि. चौरी का निरीक्षण किया गया, परीक्षा शांति पूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होना पायी गयी परीक्षा में किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुए, अतः नकल प्रकरण निरंक है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्था एवं संचालन मंडल के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पायी गयी, सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया। परीक्षा केन्द्रों पर 144 धारा लगाने के फलस्वरूप बाह्य भीड़ एवं असमाजिक तत्वों की भीड़ नहीं दिखाई दी, परीक्षाएं शांति पूर्ण होना संचालित पाई गई ।

### 14.89 लाख के अमृत सरोवर में बड़ा घोटाला, भौतिक सत्यापन में 2 लाख का ही मिला काम

**बदरी/जमुना।** अनूपपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत छोहरी में मनरेगा के तहत स्वीकृत अमृत सरोवर निर्माण कार्य में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। कार्यस्थल पर लगे सूचना बोर्ड के अनुसार इस निर्माण के लिए 14.89 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी, जिसमें 6.14 लाख श्रम और 8.77 लाख सामग्री मद में व्यय दर्शाया गया है। कार्य प्रारंभ तिथि 23 मई 2022 अंकित है, जबकि पूर्णता तिथि स्पष्ट रूप से दर्ज नहीं है। मामले में जब स्थल निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया गया तो मौके पर महज लगभग 2 लाख रुपए के आसपास ही कार्य होना पाया गया, जिससे शेष राशि के उपयोग पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य न तो स्वीकृत मानकों के अनुसार हुआ और न ही राशि का पारदर्शी उपयोग किया गया। ग्रामीणों ने सरपंच और संबंधित जिम्मेदारों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत में अन्य निर्माण कार्यों में भी अनियमितताएं हुई हैं उन्होंने जिला प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### निर्माणाधीन आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में देखने को मिला ऐतिहासिक संगम

**कोतमा।** नगर के वार्ड क्रमांक 01 स्थित गोविंदम वैली में नव-निर्माणाधीन आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में श्रद्धा और उल्लास का ऐतिहासिक संगम देखने को मिला। बुधवार को आयोजित एक भव्य गरिमामयी समारोह में आदिनाथ भगवान की विशाल प्रतिमा को नवनिर्मित वेदी में विराजमान किया गया। इस गौरवशाली पल का साक्षी बनने के लिए समूचा जैन समाज और धर्मप्रेमी जनता बड़ी संख्या में उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः काल भव्य घटयात्रा के साथ हुआ। यह शोभायात्रा पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से भगवान की प्रतिमा एवं महावीर दिगंबर जैन मंदिर से पावन 'श्री यंत्र जी' को लेकर घट यात्रा निकालकर नगर भ्रमण में गाजे-बाजे के साथ शुरू हुई और आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर पहुंची।

# समर्पण सेवा अभियान के तहत बजाग में दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों के लिए विशेष शिविर आयोजित

**डिण्डौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में समर्पण सेवा अभियान के अंतर्गत आकांक्षी विकासखंड बजाग में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था।शिविर में कुल 318 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इनमें से 48 हितग्राहियों के मेडिकल प्रमाण पत्र तैयार किए गए तथा 48 हितग्राहियों के यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड बनाए गए। इसके अलावा 132 नए पेंशन प्रकरण दर्ज किए गए और 39 पेंशन संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान 23 हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरण हेतु चिन्हित किया गया, जबकि 13 हितग्राहियों को आवश्यक






चिकित्सीय जांच के लिए संदर्भित किया गया। आयुष विभाग द्वारा दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को तीन प्रकार की औषधियों का वितरण किया गया तथा स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या एवं आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया गया।शिविर में जिला पंचायत डिण्डौरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वियांशु चौधरी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बजाग रामबाबू देवांगन, जिला चिकित्सालय मेडिकल बोर्ड के सदस्य सहित जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।सुव्यवस्थित संचालन के साथ आयोजित इस शिविर में हितग्राहियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# पारंपरिक खेलों को मिलेगा बढ़ावा, क्लस्टर से जिला स्तर तक होंगी प्रतियोगिताएं

**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए नवाचार के तहत विभिन्न स्तरों पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डिंडौरी द्वारा जारी आदेश के अनुसार भारत शासन की राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) योजना अंतर्गत यह आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय 18 दिसंबर 2025 को आयोजित सीईसी बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुरूप लिया गया है।जारी निर्देशानुसार ग्राम, ग्राम पंचायत, क्लस्टर एवं जनपद पंचायत स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित कर चयनित प्रतिभागियों की सूची 20 फरवरी 2026 तक जिला कार्यालय को भेजना अनिवार्य होगा। क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिताएं 16 से 20 फरवरी तथा जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं 21 एवं 22 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएंगी। जनपद स्तर से दो फाइनल टीमों का चयन कर उन्हें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा।

जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक (सर्व शिक्षा अभियान) सहायक नोडल अधिकारी रहेंगे, जबकि जनपद स्तर पर संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिम्मेदारी संभालेंगे।यह प्रतियोगिता केवल बालक वर्ग के लिए आयोजित की जाएगी, जिसमें कक्षा 6 एवं 7 के 12 से 15 वर्ष आयु वर्ग के छात्र भाग ले सकेंगे। जिले में पारंपरिक रूप से आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता को विशेष रूप से शामिल किया गया है। सभी प्रतियोगिताएं एक दिवसीय होंगी।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21,000, द्वितीय 11,000, तृतीय 5,100 एवं सांत्वना पुरस्कार 1,100 निर्धारित किया गया है। सभी स्तरों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर प्रतियोगिता की फोटोग्राफी एवं संक्षिप्त प्रतिवेदन जिला कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।कार्यक्रम से संबंधित जानकारी एवं फोटो साझा करने के लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, ईश्वर प्रसाद साहू से संपर्क करने को कहा गया है।

# जिला पंचायत सभाकक्ष में वन अधिकार अधिनियम पर प्रशिक्षण संपन्न




**डिण्डौरी।** जिला पंचायत सभाकक्ष में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत प्राप्त दावों के परीक्षण एवं निराकरण संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिनियम की धारा 3(1)(i) के अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधन संरक्षण एवं प्रबंधन अधिकारों की मान्यता प्रक्रिया को स्पष्ट करना था।प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय, भोपाल से आए मास्टर ट्रेनर्स राहुल श्रीवास्तव, मोहित महाजन, कमल किशोर आर्मो एवं गौरव शर्मा ने अधिनियम के प्रावधानों, दावा परीक्षण की विधि, आवश्यक दस्तावेजीकरण तथा सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम में जनपद पंचायत अमरपुर, डिण्डौरी, शहपुरा एवं मेहंदवानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पेसा ब्लॉक समन्वयक, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समितियों के अशासकीय सदस्य, वन अधिकार शाखा प्रभारी (सभी जनपद पंचायत) तथा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों एवं समिति सदस्यों को सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों के संरक्षण, प्रबंधन एवं मान्यता की प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# डिंडौरी में मनरेगा भुगतान को लेकर कांग्रेस का अनोखा विरोध, 5300 रुपये जुटाकर सौंपा ज्ञापन

**डिंडौरी।** जिले में मनरेगा की लंबित मजदूरी को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। करीब 42 करोड़ रुपये से अधिक बकाया भुगतान के मुद्दे पर शुक्रवार को कांग्रेस ने अनोखा विरोध दर्ज कराया। ओमकार सिंह मरकाम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चंद्रविजय महाविद्यालय तिराहा पर धरना-प्रदर्शन किया और बाद में रैली निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।विधायक मरकाम ने पूर्व में कलेक्टर को राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए 12 फरवरी तक मनरेगा मजदूरी के भुगतान की मांग की थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि तय समय सीमा में भुगतान नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 12 फरवरी 2026 की स्थिति में जिले में लंबित मनरेगा मजदूरी की राशि 44 करोड़ 39 लाख 11 हजार रुपये तक पहुंच गई है। साथ ही जनमन आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि भी पिछले छह महीनों से लंबित बताई गई है। भुगतान न होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चंद्रविजय महाविद्यालय तिराहा से पुरानी डिंडौरी चौराहा तक रैली निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नगर के व्यापारियों से मजदूरों की मजदूरी के लिए प्रतीकात्मक रूप से



भीख मांगी। प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार और मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। रैली के दौरान एकत्रित 5300 रुपये की राशि एडीएम और एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन के साथ जमा कराई गई। नरेन्द्र मोदी के नाम दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि चार महीनों से मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल पा रही है, जिससे वे आर्थिक संकट में हैं। जिले में मेला-मड़ई का दौर जारी है और 15 फरवरी को महाशिवरात्रि जैसे प्रमुख पर्व का आयोजन होना है, लेकिन मजदूरों के पास उत्सव मनाने के लिए भी पर्याप्त संसाधन नहीं हैं।



ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि मजदूरी भुगतान की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गई, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक मरकाम ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही मनरेगा और आवास योजनाओं की लंबित राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मजदूरों और गरीब हितग्राहियों की अनदेखी कर रही है, जबकि कांग्रेस उनके अधिकारों की लड़ाई जारी रखेगी।

# निर्माण कार्यों में अनियमितता के आरोपः राशि आहरित, काम अधूरे होने की शिकायत

### ग्रामीणों ने जनसुनवाई में कलेक्टर से जांच व वसूली की मांग

**डिंडौरी न्यूज।** आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले में विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि कई निर्माण कार्य दस्तावेजों में पूर्ण दर्शाए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका अपेक्षित स्वरूप दिखाई नहीं देता। ग्रामीणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों के समक्ष पूर्व में भी शिकायतें की गईं, किंतु अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी।मामला करंजिया विकासखंड के धवाडोंगरी ग्राम पंचायत से जुड़ा है। जनसुनवाई में दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच दूजा बाई मसराम पर शासकीय निर्माण कार्यों की राशि आहरित कर कार्य नहीं कराने का आरोप लगाया है। आवेदन के अनुसार विभिन्न वर्षों में सीसी रोड, पुलिया और स्टॉप डेम



निर्माण के लिए स्वीकृतियां प्राप्त की गईं और लाखों रुपये की राशि निकाली गई। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2021-22 में दीपक के घर से नंदलाल के घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए लगभग 2.50 लाख रुपये आहरित किए गए, परंतु स्थल पर निर्माण कार्य नहीं हुआ। इसी प्रकार वर्ष 2017 में धनसाय के घर से हिन्दू के घर तक सीसी रोड निर्माण के नाम पर 5.84 लाख रुपये निकाले जाने के बावजूद कार्य अधूरा या नगण्य बताया गया है।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि वर्ष 2016 में भुरी टोला रोड पर देवसिंह के खेत के पास पुलिया निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपये आहरित किए गए, जबकि मौके पर पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया। वहीं जनभागीदारी योजना के तहत पटपरहा नाला, टिमकी टोला में स्टॉप डेम निर्माण के लिए लगभग 10 लाख रुपये की राशि निकाले जाने के बावजूद निर्माण कार्य नहीं होने की बात आवेदन में कही गई है।ग्रामीणों का कहना है कि इन कार्यों में पूरी राशि आहरित कर ली गई, जबकि धरातल पर अपेक्षित निर्माण दिखाई नहीं देता। समस्त ग्रामवासियों की ओर से मांग की गई है कि संबंधित निर्माण स्थलों की तकनीकी एवं वित्तीय जांच कराई जाए, वास्तविक स्थिति का पंचनामा तैयार किया जाए तथा अनियमितता प्रमाणित होने पर आहरित राशि की वसूली करते हुए वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# डिंडौरी में 17 फरवरी को भव्य रोजगार मेला, 20 से अधिक कंपनियां देंगी अवसर

**डिंडौरी।** जिले के शिक्षित एवं अशिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 17 फरवरी 2026 को एक दिवसीय "परवाज़–युवा संगम" रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन चंद्रविजय महाविद्यालय परिसर में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।मेले में 20 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी, जो औद्योगिक उत्पाद निर्माण, मोटरसाइकिल एवं वाहन रिपेयरिंग, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डिंग, फिटर, प्लम्बर, होटल मैनेजमेंट, सिक्योरिटी गार्ड, सोलर पैनल फिटिंग, प्लांट असिस्टेंट, सेल्स एवं मार्केटिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी।

अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 5वीं पास से लेकर स्नातकोत्तर तक रखी गई है। इच्छुक युवाओं को तीन पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक प्रमाण




पत्रों की छायाप्रति, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा।इस आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय, डिंडौरी, मध्य प्रदेश आजीविका मिशन तथा प्रदान का सहयोग रहेगा। अधिकारियों के अनुसार मेले में कंपनियों द्वारा स्थल पर ही प्रारंभिक चयन एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।जिला प्रशासन ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# भानपुर में मड़ई मेला का हुआ आयोजन

**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत भानपुर में 12 फरवरी से 13 फरवरी तक दो-दिवसीय मड़ई मेला का आयोजन किया गया। आयोजित मड़ई मेला में आस गांव और दूर दराज से आए ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंच कर मड़ई मेला का आंनद लिए। क्षेत्र के व्यापारियों ने भी विभिन्न तरफ की दूकानें सजाई। मड़ई में लोगों के मनोरंजन के लिए झूले और अनेक तरह के खेत करतब स्थापित किए गए। बच्चों के खेल खिलौने, घरेलू दैनिक उपयोग के बर्तन, कपड़े, हार्डवेयर के अलावा विभिन्न किस्मों को दूकानों में लोगों ने जमकर खरीददारी किए। इस मौके पर क्षेत्रीयजनों में मड़ई को लेकर भारी उत्साह देखा गया। यहां पर निवास करने वाले मुख्यरूप से अहीर लोग पारंपरिक वेश भूषा और विभिन्न तरह के श्रृंगार पहने



ढोल मांदर की थाप पर जमकर थिरके नजर आए। वहीं पर ग्रामीण अंचल की सबसे प्रसिद्ध मिठाई गुड़गप्पा एवं जलेबी की दूकानों में लोगों की जमकर भीड़ देखी गई। छोटे बच्चों ने जंपिंग झपाक में उछल कूद कर आनंद उठाएं। इस मड़ई मेले में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आटो रिक्शा आदि वाहनों से दूर दराज से हजारों की संख्या में पहुंचकर मड़ई मेले में जमकर आनंद उठाया गया। वहीं पर आज दूसरे दिन शुक्रवार को गुदरी मड़ई का आयोजन किया गया।

# ताला मार्ग पर मौत से टकराया ऑटो, छह ग्रामीण लहुलुहान

**उमरिया।** जिले के ताला मार्ग पर गुरुवार को रफ्तार के जुनून ने एक बार फिर खूनी खेल खेला। बड़ेरी गांव के पास एक बेकाबू अर्टिगा कार ने ऑटो को सामने से ऐसी जोरदार टक्कर मारी कि चीख-पुकार से पूरा इलाका दहल उठा। इस भीषण भिड़ंत में ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार छह ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद सडक़ पर बिछी खून की बूंदें और बिखरा कांच प्रशासन के दावों और यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाता नजर आया।

### आमने-सामने की भिड़ंत, मच गई चीख-पुकार

जानकारी के अनुसार, बरतराई गांव से मझौली (बांका) जा रहे ग्रामीणों के लिए यह सफर किसी बुरे सपने जैसा साबित हुआ। ऑटो अपनी दिशा में जा रहा था, तभी सामने से काल बनकर आ रही अर्टिगा कार



के चालक ने लापरवाही की सारी हदें पार करते हुए ऑटो को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के अगले हिस्से का नामोनिशान मिट गया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो अगर ग्रामीण समय पर मदद के लिए न दौड़ते, तो परिणाम और भी भयावह हो सकते थे।

### घायलों का अस्पताल में इलाज जारी

हादसे में सोबरन सिंह, शोभा सिंह, लीला बाई, रमा बाई, प्रेम बाई और संता बाई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से सभी को जिला अस्पताल उमरिया में भर्ती कराया गया है। हालांकि डॉक्टरों ने सभी की हालत फिलहाल स्थिर बताई है, लेकिन सिर और अंगों में आई चोटें रफ्तार के इस कहर की गवाही दे रही हैं।

### प्रशासन मौन, जनता में आक्रोश

ताला मार्ग अब डेथ जोन में तब्दील होता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस और परिवहन विभाग की सुस्ती के कारण चालक बेखौफ होकर गाडिय़ां उड़ाते हैं। पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन सवाल वही है, क्या कागजी कार्रवाई से सडक़ों पर बहता खून रुकेगा? ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि इस मार्ग पर रफ्तार पर लगाम नहीं कसी गई, तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

### विद्युत विभाग परिसर में स्थित गौरी शंकर मंदिर से निकाली जाएगी भगवान भोलेनाथ की बारात

**कोतमा।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जहां नगर के शिवालयों मे तैयारी शुरू कर दी गई है वहीं नगर के बस स्टैंड के पास विद्युत विभाग कार्यालय परिसर मे स्थित गौरी शंकर मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली जाएगी एवं बारात मे बाहर से आये कलाकारों के द्वारा तांडव नृत्य किया जायेगा साथ ही अखंड मानस पाठ का आयोजन भी किया जाता है। इस बार धार्मिक और ज्योतिषीय के द्वारा कहा जा रहा है कि करीब 300 साल बाद एक दुर्लभ संयोग बन रहा है, जो भोलेनाथ की विशेष कृपा का संकेत माना जा रहा है। वैसे तो साल में 12 शिवरात्रि आती हैं, लेकिन फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को पड़ने वाली महाशिवरात्रि का महत्व सबसे अलग होता है। इस दिन की गई पूजा, व्रत और साधना का फल कई गुना अधिक बताया गया है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य कुछ राशियों को इस महाशिवरात्रि पर खास तौर पर भाग्यशाली मान रहे हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित सुशील द्विवेदी के अनुसार, इस बार महाशिवरात्रि पर लगभग 300 वर्षों बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिसमें एक साथ 8 शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। ऐसे योग बहुत कम देखने को मिलते हैं और इन्हें बेहद फलदायी माना जाता है। 15 फरवरी को सूर्य, बुध और शुक्र एक साथ होकर त्रिग्रही योग बना रहे हैं।

# नर्मदा तट पर उमड़ेगा जन सैलाब, अमरकंटक महाशिवरात्रि मेला की सभी तैयारियाँ पूर्ण

**अमरकंटक। शहडोल संभाग की पावन और आध्यात्मिक नगरी अमरकंटक एक बार पुनः भक्ति, आस्था और उत्सव के अद्भुत संगम की साक्षी बनने को तैयार है। तीन दिवसीय महाशिवरात्रि मेला 15 फरवरी रविवार से 17 फरवरी मंगलवार तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन हेतु समस्त आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।**

जिला प्रशासन अनूपपुर के मार्गदर्शन एवं नगर परिषद अमरकंटक के समन्वित प्रयासों से संपूर्ण मेला क्षेत्र को सुव्यवस्थित एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर लाखों श्रद्धालु, तीर्थयात्री एवं पर्यटक पतित पावनी माँ नर्मदा के पावन तट पर स्नान, दर्शन, पूजन-अर्चन एवं साधना हेतु मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों से यहाँ पहुँचते हैं। विशेष रूप से नर्मदा उद्गम स्थल, रामघाट, कोटि तीर्थ घाट, पुष्कर बांध एवं अरंडी संगम तट पर श्रद्धालुओं की आस्था की अविरल धारा प्रवाहित होगी। श्रद्धालु पवित्र जल में डुबकी लगाकर आध्यात्मिक शांति एवं पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। मेला केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों का भी सशक्त केंद्र बनता है। छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न अंचलों से व्यापारी वर्षों से इस अवसर की प्रतीक्षा करते हैं और अपनी दुकानें सजाकर मेले की रौनक बढ़ाते हैं। मेला मैदान को व्यापारिक गतिविधियों हेतु सुव्यवस्थित ढंग से तैयार किया गया है, जिससे आगंतुकों को खरीदारी में सुविधा हो सके।

जिला प्रशासन द्वारा मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न विभागीय योजनाओं की विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिससे आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त तीनों दिवसों तक छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक संध्या में गायन एवं नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी, जिनका हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु एवं पर्यटक आनंद लेंगे। यह आयोजन आध्यात्मिकता के साथ-साथ लोकसंस्कृति के रंगों से भी सराबोर रहेगा। नगर परिषद अमरकंटक के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ पूर्ण कर ली गई हैं।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने की कक्षा 5,8 वीं समीक्षा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कक्षा 5 वीं एवं कक्षा 8 वीं की आगामी वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियों तथा अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की ग्रेडवार संबंधी समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने 16 फरवरी तक सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र अनिवार्य रूप से वितरित करने और परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था के लिए पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पूर्व से तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी जनशिक्षक परीक्षा पूर्व तक अपने- अपने क्लस्टर की शालाओं में नियमित अध्यापन का कार्य सुनिश्चित करें, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि में अपेक्षित सुधार हो सके। साथ ही प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट जनपद शिक्षा केंद्र के माध्यम से अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। बैठक में गैर-शिक्षणीय कार्यों में संलग्न शिक्षकों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। आगामी शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने, अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने और आवश्यकतानुसार शिक्षकों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जहां शिक्षकों की कमी है, वहां जनशिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य कराने एवं जहां शिक्षक अधिक हैं, वहां आवश्यकता वाले विद्यालयों में मोबाइल टीचिंग के माध्यम से शिक्षण कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था एवं अधोसंरचना के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## छात्रावास के दिव्यांग बच्चों को कराया स्वदेशी मेले का भ्रमण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा के विशेष पहल पर सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के सभी दिव्यांग बच्चों को स्वदेशी मेले का भ्रमण कराया। इस दौरान बच्चों को उनकी पसंद के झूलों, स्वादिष्ठ भोजन एवं मिठाईयां खिलाई गई। दिव्यांग बच्चों ने मेले में जाने से पूर्व कोतवाली थाना का भ्रमण किया। उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था और आम नागरिकों की मदद से जुड़ी जानकारियां दी गई। स्वदेशी मेले में मंच पर बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा अपने परिवार सहित बच्चों के साथ मौजूद थे। इसके अतिरिक्त थाना प्रभारी टीआई गौरव चाटे एवं पुलिस स्टॉफ भी मौजूद था। यह पल बच्चों के लिए आनंद और आत्मविश्वास का स्रोत रहा।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु 67 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का कार्य 7 मार्च 2026 तक किया जाएगा। जिले में पात्र सहकारी विपणन समिति से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा पर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने 67 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया है। कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा है कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए उक्त पंजीयन केंद्र समितियां किसान पंजीयन कार्य समय सीमा में संपादित करेंगे। जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि इन समितियों के पंजीयन केन्द्रों में किसानों का पंजीयन निशुल्क किया जाएगा। इसके अतिरिक्त किसान स्वयं अपने मोबाइल से एमपी किसान एप के माध्यम से भी अपना पंजीयन कर सकते हैं। किसान एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र, निजी व्यक्ति द्वारा संचालित सायबर कैफे के माध्यम से भी 50 रुपये सशुल्क देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।







## उर्वरक वितरण में पारदर्शिता, तकनीकों से बढ़ेगी उत्पादकता

# कृषि रथ बना किसानों के लिए नवाचार का सशक्त माध्यम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले में कृषि रथ का संचालन कर किसानों को आधुनिक, वैज्ञानिक एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों से जोड़ने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह कृषि रथ किसानों के द्वार तक पहुंचकर शासन की योजनाओं, नवीन तकनीकों और डिजिटल प्रणालियों की जानकारी प्रदान कर रहा है।

गुरुवार को कृषि रथ विकासखंड नरसिंहपुर के ग्राम धवई, चीलाचैनकलां एवं चैराखेड़ा का भ्रमण किया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि मोरिस नाथ, कृषि विभाग के अधिकारी, वैज्ञानिक एवं किसान मौजूद थे। उप संचालक कृषि मोरिस नाथ ने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण तथा कृषि को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी।

### पराली प्रबंधन की दी जा रही जानकारी

कृषि रथ के माध्यम से किसानों को ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था की भी जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि इस डिजिटल प्रणाली से उर्वरकों का वितरण पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है, जिससे किसानों को समय पर एवं नियमानुसार उर्वरक उपलब्ध हो सकें। श्री नाथ ने पराली (नरवाई) प्रबंधन के संबंध में किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों की तकनीकी जानकारी प्रदान की। सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर जैसे यंत्र खेत की तैयारी, नरवाई प्रबंधन और बोनी जैसे कार्य एक साथ कर समय एवं लागत की बचत करते हैं तथा उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करते हैं। किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिले में सतत प्रयास जारी हैं।

### योजनांतर्गत यंत्रो का किया वितरण

कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरसिंहपुर में एसएमएएम योजना के अंतर्गत किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर स्प्रे पम्प वितरित किए गए। इस अवसर पर किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि स्प्रे पम्प के माध्यम से कीटनाशक एवं उर्वरक का प्रभावी छिड़काव किया जा सकता है। किसानों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर कृषि कार्यों को सुगम एवं लाभकारी बनाएं। इसी क्रम में विकासखण्ड करेली के ग्राम कठोतिया में शक्ति पूजा महिला फार्मर प्रोडयूसर कंपनी लि. करेली को समूहों का क्षमता विकास प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उप संचालक कृषि मोरिस नाथ, कृषि विकास अधिकारी करेली एसके सोनी, एईओ एवं एफपीओ के सदस्य मौजूद थे।

### अभियान के तहत ग्रामों का किया भ्रमण

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार ष्संकल्प से समाधान अभियान के तहत उप संचालक कृषि श्री नाथ ने विकासखंड करेली के ग्राम नयाखेड़ा, पिपरिया रांकई एवं हिरनपुर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर उन्हें आगामी शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविरों में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, फसल विविधीकरण तथा शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। उप संचालक कृषि ने किसानों से आग्रह किया कि वे शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविरों में सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि कृषि को अधिक लाभकारी एवं आधुनिक बनाया जा सके। अभियान के माध्यम से किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए उन्हें मार्गदर्शन भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

# मतदाताओं पर सामूहिक आपत्तियाँ, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले में मतदाता सूची से नाम हटाने के प्रयासों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा से जुड़े कुछ नेताओं द्वारा फॉर्म-7 के माध्यम से एक विशेष समुदाय के मतदाताओं के खिलाफ सामूहिक और असत्य आपत्तियां दर्ज की जा रही हैं, ताकि उनके नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा सकें। गुरुवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनीता पटेल के नेतृत्व में लगभग 100 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर देवंती परते को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने बताया कि पार्टी के बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली है। इसके अनुसार, भाजपा से जुड़े कुछ व्यक्ति, जो संबंधित क्षेत्रों के अधिकृत बीएलए भी नहीं हैं, सामूहिक रूप से फॉर्म-7 के जरिए आपत्तियां दर्ज करा रहे हैं। कांग्रेस का दावा है कि जिन मतदाताओं पर आपत्ति लगाई गई है, उनके नाम वर्ष 2003 से मतदाता सूची में दर्ज हैं। पार्टी ने यह भी बताया कि हाल ही में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और बीएलओ सर्वे में भौतिक सत्यापन के दौरान अधिकांश लोग स्थायी निवासी पाए गए हैं। इससे आपत्तियों की सत्यता पर सवाल उठते हैं कांग्रेस के अनुसार, नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के राम वार्ड, तिलक बाई पटेल वार्ड, गांधी वार्ड, शिवाजी वार्ड, जाजाद वार्ड, महाजनी वार्ड, शंकर वार्ड, नरसिंह वार्ड सहित रांकई, रातीकरार, पिपरिया लिंगा और करेली क्षेत्र के कई वार्डों में इस तरह की सामूहिक आपत्तियां दर्ज की गई हैं। पार्टी ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने और एक विशेष समुदाय को लक्षित करने का प्रयास बताया है। ज्ञापन में कांग्रेस ने मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि आपत्तियां असत्य या भेदभावपूर्ण पाई जाती हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। कांग्रेस ने इस मुद्दे को निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता से जुड़ा एक गंभीर विषय करार दिया है।

# विमल बने पत्रकार फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस राष्ट्रीय संगठन पत्रकार फाउंडेशन के विस्तारीकरण के चलते फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ताराचंद पटेल के मुख्य आतिथ्य में एवं राष्ट्रीय महासचिव विपिन बैरागी के विशिष्ट आतिथ्य में सर्किट हाउस नरसिंहपुर में राष्ट्रीय महासचिव की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ताराचंद पटेल के द्वारा फाउंडेशन में मध्य प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व विमल वानगात्री को दिया गया एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नरेश विश्वकर्मा, राजेंद्र पटेल के नाम की घोषणा की गई। उक्त अवसर पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार संजय जैन, नीलेश जाट, कमल तिवारी, अमर नौरिया, की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। उक्त अवसर पर संबोधन करते हुए विपिन बैरागी ने बताया की यह संगठन सामाजिक सरोकार के लिए कार्यरत हैं जिसमें जनहित से जुड़े सभी कार्य शिक्षा, स्वास्थ्य, केंद्र तथा प्रदेश की सभी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना, स्वच्छता अभियान, जैसे सभी कार्यों को करना। फाउंडेशन में प्रमुख प्रधानता पत्रकारों की होने के साथ सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों को संगठन में दायित्व देकर कार्यों को करवाना। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ताराचंद पटेल ने कहा कि यह संगठन बहुउद्देशीय संस्थान है जिसमें हजारों लोगों को सेवा के साथ रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। संस्था भारत सरकार से पंजीकृत है शासन प्रशासन के द्वारा जारी योजनाओं को स्वीकृत मापदंडों के अनुरूप सेवा भावी कार्यों की जिम्मेदारी लेकर उद्देश्यों की पूर्ति करना जैसे कार्य करने के अवसर प्रदेश के पत्रकारों को मिलेंगे एक ऊर्जावान व्यक्ति को प्रदेश का दायित्व दिया गया है विमल वानगात्री एक अनुभवी व्यक्ति हैं। उपस्थित सभी वरिष्ठ जन ने संगठन के उद्देश्यों की सराहना करते हुए कहा की यह पत्रकारों के हित में यह पहला संगठन साबित होगा जो पत्रकारिता के साथ रोजगार से जोड़ने का भी काम करेगा। कार्यक्रम में मनीष शाह, आलोक सिंह, मनीष साहू, मंजीत छाबड़ा, विनीत नेमा, अरुण शर्मा, राजीव कटारे, गोविंद दुबे, संतोष दुबे, संदीप दुबे, सौरभ राठौर, यासीन खान, अंकित नेमा, देवेंद्र गोस्वामी, अरविंद सिंह, बबलू चैधरी, आदि पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# आंतरिक सड़कों के बनने से मुख्य मार्गों पर होगा दबाव खत्म

**तेंदूखेड़ा । क्षेत्र में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए सड़कें बनाई गई, लेकिन अभी भी कई ऐसी आंतरिक सड़कें हैं जिनके न बनने से लोगों को आवाजाही में दिक्कतें तो होती हैं साथ ही उनके समय, दूरी और धन की बर्बादी भी होती है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आंतरिक सड़कों के निर्माण से मुख्य मार्गों पर पड़ने वाला यातायात का दबाव भी कम रहता है, लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें सड़कों का निर्माण आज भी अपेक्षित है पर शासन के उपेक्षित नजरिए के कारण इन सड़कों का निर्माण नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग इन आंतरिक सड़कों के निर्माण की लगातार मांग करते आ रहे हैं।**

**तेंदूखेड़ा से काचरकोन मार्ग*** तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 3 छोटी हासिद्धि से काचरकोना जाने वाला मार्ग काफी पुराना है। इस मार्ग के निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है। इस मार्ग के बनने से चीरा तिगड्डा तक का चक्कर लगाए बगैर ही लोग सीधे काचरकोना इमलिया और बिल्धारी तक आवागमन कर सकते हैं, इसमें समय कम लगने के साथ मुख्य मार्ग का भी दबाव कम होगा।

**ईश्वरपुर से खमरिया सड़क*** ग्राम ईश्वरपुर के टपरियों से सीधे खमरिया होकर लोग राष्ट्रीय राजमार्ग 45 फोरलेन तक पहुंच सकते हैं, अभी ईश्वरपुर डोभी के लोगों को तेंदूखेड़ा से चांवरपाठा होकर एनएच तक पहुंचना पड़ता है, यहां से बरकुंडा खेरी से भी गुटोरी तक पक्की सड़क भी बनाई जा रही है।

### सुन्हेटी से काचरकोना मार्ग

ग्राम सुन्हेटी पावर हाऊस से सीधे काचरकोना तक जाने के लिए काफी प्राचीन सड़क मार्ग है। इस सड़क के बन जाने से सीधे काचरकोना तक पहुंचा जा सकता है। अभी फिर टेकापार लोगों को या तो तेंदूखेड़ा होकर या। होकर सुन्हेटी आना-जाना करते हैं। यह मार्ग समय दूरी और ईधन खर्च की दिशा में काफी किफायती सिद्ध हो सकता है।

**ईश्वरपुर से डोभी सड़क*** प्रतिष्ठित ईश्वरपुर से सीधे गांव के भीतर से डोभी मुख्य सड़क मार्ग तक पहुंचा जा सकता है, यह मार्ग किसानों के लिए तो किफायती है ही वहीं आम तौर पर छोटे वाहन चालकों को भी सीधे ईश्वरपुर तक आने के लिए सुविधा जनक है बाजू से और भी ग्रामीण क्षेत्र जुड़े हुए हैं, उनके लिए भी यहाँ से आवागमन सुविधा जनक बन जाएगा।

### भोई दादा से शासकीय नलकूप तक

गाडरवारा सड़क मार्ग पर पड़ने वाले बीकोर के लोगों को मुख्य सड़क पर आने के लिए सात किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। यदि शासकीय नलकूप से मात्र एक जाती है तो सात किलोमीटर की दूरी कम होने किलोमीटर भोई दादा तक पक्की सड़क बन के साथ सीधा आवागमन सुलभ हो सकता है। लंबे समय से यहां के लोगों के द्वारा यह विषय रखा और तत्कालीन मुख्यमंत्री महोदय को भी जानकारी दी गई थी उन्होंने भी अपनी स्वीकृति प्रदान की थी लेकिन आज तक कोई उचित निष्कर्ष नहीं निकल सका है।

### खैरुआ से सीधे टपरियां से बन सकती है सड़क

हाल ही में ग्राम मदनपुर के खेरुआ गांव का सरकारी रास्ता खुल जाने के बाद से यहां से लोगों को निकलने की सुविधा मिलने लगी थी। वहीं सीधे टपरियों तक एक खेत सड़क बन जाने से सीधे मदनपुर खेरुआ का मुख्य सड़क तक पहुंचे बगैर ही आवागमन सुचारू हो सकता है और किस के ले जाने के लिए सुविधा भी मिलने लगेगी।

### तेंदूखेड़ा से जैतपुर

नगर परिषद् तेंदूखेड़ा के वार्ड क्र.8 से सीधे जैतपुर जाने के लिए पुराना के लिये और सुन्हैटी तिगड्डा होकर जैतपुर के कच्चा मार्ग है, लेकिन एनएच 45 से जैतपुर लिए अपनी कृषि उपज लाने बन गया है, लेकिन इस लिये पक्का मार्ग तो मार्ग पर काफी चक्कर और समय लगने के कारण लोगों को परेशानी होती है। ग्राम पंचायत के माध्यम से तेंदूखेड़ा से जैतपुर जैतपुर ग्राम के लोगों ने अनेक बार अपनी तक पक्का मार्ग बनाए जाने की मांग रखी। परंतु उनकी मांग को आज तक पूर्ण नहीं किया गया है। अगर यह मार्ग बन जाता है तो स्कूली छात्र-छात्राओं महिलाओं वृद्धजनों को आवागमन में सुलभता होगी। नगरीय क्षेत्र में भी ऐसे बहुत से सड़क मार्ग है यदि उनका निर्माण होता है तो निश्चित तौर पर मुख्य सड़क मार्गों से दबाब खत्म हो सकता है। जैसे की टाल मुहल्ला से सीधे खेरापति मंदिर वार्ड क्रमांक 05 से सीधे हरसिद्धि मंदिर सड़क मार्ग जुड़ने से डोभी इमझिरा तरफ के लोग सीधे एन एच से जुड सकते हैं।

## तीन दिवसीय व्यावसायिक बकरी पालन एवं प्रबंधन प्रशिक्षण सम्पन्न




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के ग्राम उमरिया स्थित बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र में तीन दिवसीय आवासीय व्यावसायिक बकरी पालन एवं प्रबंधन का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 60 प्रतिभागियों में से 30 महिला प्रतिभागी शामिल हुई। सभी प्रशिक्षणार्थियों को बकरी पालन के गुण बहुत ही सरल और बुनियादी तरीके से सिखाए गए। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को वैज्ञानिक तरीके से बकरी पालन सिखाकर उनकी लागत कम करना और मुनाफा बढ़ाना है, ताकि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सुदृढ़ बन सकें। यह प्रशिक्षण जेडीव्हीएस डॉ. व्हीएन मिश्रा एवं डीडीव्हीएस डॉ. सुनील ब्रिजपुरिया के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी लक्ष्मण कौरव ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को फार्म का निरीक्षण कराकर उन्हें व्यावहारिक जानकारियां दी। बकरी पालन प्रक्षेत्र के प्रबंधक डॉ. बीके मुड़यि ने प्रशिक्षण में महिलाओं को घर पर उपलब्ध संसाधनों से ही मिनरल ब्रिक बनाना सिखाया, जो बकरियों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण के लिए अनिवार्य है। उन्हें उन्नत चारा प्रबंधन की विधियाँ सिखाई गईं। पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार और वैज्ञानिक तरीके से नस्ल सुधार पर विस्तृत जानकारी दी गई।

# परीक्षा केंद्र तेंदूखेड़ा आ रहा 12 वीं का छात्र हुआ दुर्घटना का शिकार

**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार को तेंदूखेड़ा के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में कक्षा बारहवीं का छात्र प्रियांश ठाकुर भौतिक विज्ञान का पेपर देने आ रहा था कि गाडरवारा तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग पर काल बनकर चल रहे एक कंटेनर से टकरा गया और बुरी तरह से जख्मी हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रियांशु ठाकुर ग्राम मनकापुर का रहने वाला है। जो एक प्राइवेट स्कूल में अध्यापन किया करता है। अपने गांव से ही आना जाना करता है।रोज की तरह वह परीक्षा देने सुबह सुबह लगभग साढ़े सात बजे अपने घर से निकला था कि मनकापुर तिगड्डा पर एक कंटेनर से टकरा गया। प्रियांशु को सिर में और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं एक और साथी जो मोटरसाइकिल से साथ लेकर आ रहा था उसका पैर भी गंभीर रूप से छतिग्रस्त हो गया है।जिसे तत्काल प्रभाव से जबलपुर रिफर कर दिया गया है।सभी पीड़ित घायलों को तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रिफर करने की जानकारी मिली है।